सराहाँ, 31 अगस्त 2024

राजकीय महाविद्यालय सराहाँ में करियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल द्वारा विद्यार्थियों के लिए NIELIT द्वारा चलाए गए आई०टी० के विभिन्न कोर्सों के विषय में जानकारी प्रदान करने के लिए अजय शर्मा, भविष्य, खेम राज एवं विकास को आमंत्रित किया गया था। उन्होंने विद्यार्थियों को कंप्यूटर कोर्सों से सम्बंधित विभिन्न छात्रवृति योजनाओं के विषय में अवगत कराया। इसके अतिरिक्त अनूप कुमार जो कि आई०टी० के विशेषज्ञ के रूप में मौजूद थे, ने आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस विषय पर विद्यार्थियों को विशेष रूप से जानकारी मुहैया कराई। इस अवसर पर मंच का संचालन डॉ० राजन कौशल ने किया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ० अनीता ठाकुर ने विद्यार्थियों को इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी में अपने ज्ञानवर्धन के लिए प्रेरित किया। करियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल के समन्वयक प्रो० जगमोहन ठाकुर ने विद्यार्थियों को सरकार द्वारा आई०टी० से सम्बंधित विभिन्न कोर्सों का लाभ उठाने का आव्हान किया। इस अवसर पर प्रो० सुदेश तोमर ने सभी का धन्यवाद किया। इस अवसर पर डॉ० सुध्यान नेगी, प्रो० दिनेश कुमार, डॉ० मोल्लम डोलमा, प्रो० कृष्ण दत्त तथा डॉ० रीमा शर्मा, प्रो० प्रियंका सराओ एवं श्री संजीव कुमार उपस्थित रहे।

Principal
Govt. Degree College
SARAHAN, Distt. Sirmour (H.P.)